# एकोनविंशति पाठः
# सूक्तयः

(1) सुखस्य मूलं धर्मः।

अर्थ – धर्म सुख का मूल (जड़) है।

(2) दया धर्मस्य जन्मभूमिः।

अर्थ – दया धर्म की जन्मभूमि (जन्मस्थान) है।

(3) मूर्खेषु विवादः न कर्तव्यः।

अर्थ – मूर्खों के साथ विवाद नहीं करना चाहिए।

(4) परद्रव्यं न हर्तव्यम्।

अर्थ – दूसरों के धन का हरण नहीं करना चाहिए।

(5) नास्ति सत्यात् परं तपः।

अर्थ – सत्य से बढ़कर दूसरा कोई तप (तपस्या) नहीं है।

(6) सत्यं स्वर्गस्य साधनम्।

अर्थ – सत्य ही स्वर्ग प्राप्ति का साधन है।

(7) यशः शरीरं न विनश्यति।

अर्थ – यश (कीर्ति) रूपी शरीर कभी नष्ट नहीं होता (अर्थात् शरीर के नष्ट होने पर भी कीर्ति कभी नष्ट नहीं होती)।

(8) न दिवा स्वप्नं कुर्यात्।

अर्थ – दिवा (दिन) में स्वप्न नहीं देखना चाहिए अर्थात् (केवल कल्पना लोक में भ्रमण नहीं करना चाहिए)।

(9) नास्त्यहंकारसमः शत्रुः।

अर्थ – अहंकार के समान दूसरा कोई शत्रु नहीं है।

(10) न संसारभयं ज्ञानवताम्।

अर्थ – ज्ञानियों के लिए कोई सांसारिक भय नहीं है।

## शब्दार्थाः

सुखस्य = सुख का। मूलम् = जड़। धर्मस्य = धर्म का। जन्मभूमिः = जन्म स्थान। हर्तव्यम् = हरण करना (चुराना)। तपः = तपस्या। स्वर्गस्य = स्वर्ग का। विनश्यति = नष्ट होता है। कुर्यात् = करना चाहिए। ज्ञानवताम् = ज्ञानियों के लिए। अहंकारसमः = अहंकार के समान।

## अभ्यासः

**प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –**

(क) सत्यं ........................................................................ साधनम्।
(ख) दया ........................................................................ जन्मभूमिः।
(ग) मूर्खेषु ........................................................................ कर्त्तव्यः।
(घ) यशः ........................................................................ विनश्यति।

**प्रश्न 2. हिन्दी में अर्थ लिखिए –**

(क) परद्रव्यं न हर्तव्यम्।
(ख) न संसारभयं ज्ञानवताम्।
(ग) नास्ति सत्यात् परं तपः।
(घ) सुखस्य मूलं धर्मः।

Q7A4NU

**प्रश्न 3. संस्कृत में अनुवाद कीजिए –**

(क) दया धर्म है।
(ख) सत्य के समान कोई तप नहीं है।
(ग) सत्य ही स्वर्ग है।
(घ) अहंकार के समान शत्रु नहीं है।
(ङ) ज्ञानी को भय नहीं होता।

**प्रश्न 4. "विनश्" धातु का लट्लकार एवं लृट्लकार परस्मैपद में चलाइए।**